तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 11 नवंबर 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 'ड्रोन' जिला अस्पताल से दवा किट लेकर गया ...





11 बस संचालकों के विरूद्ध कलेक्टर का कड़ा रूख




## खबर संक्षेप

### खेती किसानी के कारण ही विधायक बना : नेताम

**सरोना।** विधायक आशाराम नेताम का मानना है कि खेती ही हमारी असली पूंजी है। आज जहां हैं, वहां पहुंचने का श्रेय खेती किसानी को ही जाता है। उन्होंने अपनी मेहनत के बारे में बताते हुए कहा अगर अपने पिता के साथ हाथ खेती में नहीं बंटाया होता तो उनकी डांट भी मुझे सुननी पड़ती। इसलिए सुबह 6 बजे से खेतों में काम करता हूं और फिर विधानसभा क्षेत्र की सेवा में जुट जाता हूं। विधायक ने कहा कि जनता ने मुझे एक गरीब किसान के बेटे को विधायक बनाया है। उनकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं, इसलिए अपने क्षेत्रवासियों की सेवा में पूरी तरह से समर्पित हूं।

### लापरवाही के कारण चालक की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक पीव्ही 23 लखनपुर निवासी 62 वर्षीय रमेश मण्डल पिता स्व. दुखीराम मण्डल 20 अगस्त को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीके 7854 को स्वयं चलाते हुए पीव्ही 23 लखनपुर से पखांजूर जा रहा था। कृषि केन्द्र पीव्ही 23 लखनपुर मेनरोड में चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया व रोड में गिर गया। गिरने से सिर तथा हाथ में चोट आया था। परिजनों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर लेकर गया। अस्पताल के चिकित्सक ने घायल का परीक्षण कर मौत होने की पुष्टि किया। पुलिस ने मृतक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 13 से 16 नवम्बर तक होगा बस्तर ओलंपिक

**दुर्गुकोंदल।** बस्तर ओलंपिक का आयोजन विकासखंड दुर्गुकोदल में 13 नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है। आयोजन 16 नवंबर तक चलेगा। जनपद सीईओ ने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है, वे शामिल हो सकेंगे। विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से 12 पंचायत में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग हुआ कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 70 शांतीनगर निवासी 30 वर्षीय चैतन्य मंडल पिता स्व. सुमीत मंडल का इलाज के दौरान सीएचसी पखांजुर में 11 अक्टूबर को मौत हो गई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# केशकाल घाट में मरम्मत के चलते 25 नवंबर तक बंद रहेगा रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल घाट में 10 से 25 नवंबर तक सड़क सुधार और मरम्मत का काम चलेगा। जिसके कारण घाट पर हर तरह का आवागमन बंद रहेगा। एसडीएम केशकाल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, इस दौरान यात्रियों और मालवाहक वाहनों के लिए नए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं ताकि लोगों को ज्यादा परेशानी न हो। शनिवार को कोंडागांव कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश डांडे ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के एक हिस्से पर कांक्रीटिंग और डामरीकरण का काम किया जाएगा। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए रूट डायवर्सन प्लान भी समझाया।

### यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग

यात्री बसों के लिएरू रायपुर और जगदलपुर के बीच यात्र करने वाली बसें अब जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल विश्रामपुरी चौक, विश्रामपुरी, गोविंदपुर, दुधावा, कांकेर, धमतरी, रायपुर रूट का इस्तेमाल कर सकेंगी। दो पहिया, चार पहिया और इमरजेंसी वाहन रायपुर की ओर से आने वाले हल्के वाहन धमतरी–कांकेर होते हुए केशकाल घाट पार करके कोंडागांव से जगदलपुर जा सकेंगे। वहीं, जगदलपुर से आने वाले हल्के वाहन, कोंडागांव–केशकाल बटराली–रांधा–उपरमुरवेण्ड–मुरनार से होकर रायपुर की ओर निकल सकेंगे।

### स्थायी निदान के बड़े प्रयास की पहल





### प्रशासन ने किए कई इंतजाम

जिला प्रशासन ने यात्रियों और वाहन चालकों से कहा है कि वे इन वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अपने सफर की योजना बनाते वक्त इसे ध्यान में रखें। मरम्मत के दौरान 24 घंटे पुलिस पेट्रोलिंग और चेक पोस्ट पर मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी, ताकि किसी भी तरह की समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद घाट पर यातायात सामान्य रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

### भारी वाहन और मालवाहक के लिए तय किया गया ये रूट

जगदलपुर से रायपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन अब जगदलपुर–कोंडागांव–केशकाल विश्रामपुरी चौक, विश्रामपुरी, मालगांव, बोरई, नगरी, दुगली, कुरुद, रायपुर मार्ग से गुजरेंगे। रायपुर से जगदलपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन अब रायपुर, धमतरी, कांकेर, भानूप्रतापपुर, अंतागढ़, नारायणपुर, कोंडागांव होते हुए जगदलपुर जा सकेंगे। नारायणपुर, रावघाट से आने वाले भारी वाहन नारायणपुर से रायपुर की ओर आने वाले भारी वाहन रावघाट, अंतागढ़, भानूप्रतापपुर, कांकेर, दल्लीराजहरा, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर के रूट पर चलेंगे।

## गड़बड़ी : चार से आठ गुने दर पर खरीदी का खेल

# एक एफआईआर, तीन संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त, तीन किए गए निलंबित

अविनाश गोस्वामी ▶▶| दंतेवाड़ा

अंधेर नगरी चौपट राजा की तर्ज पर जिला अस्पताल में अपने कारगुजारियों को अंजाम दिया। करोड़ों रुपए का फंड जिला अस्पताल के लिए चारागाह बनकर रह गया। मरीजों की आंखों से खिलवाड़, खरीदी में अनियमितता फर्जी चेक, एचआईवी निगेटिव रिपोर्ट ने जिला अस्पताल की धज्जियां उड़ा दी। विभाग ने ऐसे ऐसे कामों को अंजाम दिया है जो महिने भर से अस्पताल सुर्खियों में है। बाबू ने 66 लाख का चूना लगाया। वहीं डॉक्टरों ने मरीजों की आंख से खिलवाड़ कर दिया। जिला अस्पताल में हुई


▶▶| शेष पेज 10 पर


■ दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में लापरवारी व गड़बड़ी थम नहीं रही





**केस 1**

### गंभीर व संवेदनशील प्रकरण

18 और 22 अक्टूबर जिला अस्पताल में मोतियाबिंद के कुल 39 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। 17 को रायपुर रेफर किया गया था। जिसमें 8 मरीजों की वापसी हो चुकी है। इस ऑपरेशन में लापरवाही के बाद जांच समिति का गठन किया गया। जांच में भारी लापरवाही सामने आई। ओटी की टेबल में ही बैक्टेरिया पाए जाने की पुष्टि हुई। इसी लापरवाही ने 39 मरीजों की आंख से खिलवाड़ किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए ऑपरेशन थिएटर से जुड़े 3 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। इसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ गीता नेताम, नेत्र सहायक अधिकारी दीप्ति टोप्पो, ओटी प्रभारी ममता वैदे शामिल हैं।

**केस 2**

### बिना अनुमोदन के करोड़ों की खरीदी

13 मार्च 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायपुर द्वारा ड्रग्स एवं कंज्यूमेबल मद से तीन करोड़ 48 लाख जिला अस्पताल को दिया गया। उक्त राशि का उच्च अधिकारियों ने बिना स्वीकृति, अनुमोदन के ही विभिन्न फर्मों से खरीदी कर भुगतान कर दिया। इसके बाद कलेक्टर ने राज्य स्तर से जांच की अनुशंसा की। इस माह की 8 नबंबर को 4 सदस्यीय टीम दंतेवाड़ा जिला अस्पताल जांच करने पहुंची। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, डीएचओ सुभाशिष मंडल, लेखा अधिकारी वारले, स्टोर कीपर रणवीर, ऑपरेटर अलबम कमलेश के कथन लिए गए। वही इस प्रकरण की अहम कड़ी तत्कालीन सिविल सर्जन ने अपना बयान दर्ज नही करवाया है। 3 करोड़ 48 लाख की खरीदी से जुड़े समस्त दस्तावेजों को रायपुर लेकर जांच दल चला गया है। अब जांच दल दस्तावेजों को जांच करने के बाद उच्च अधिकारियों को वही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

**केस 3**

### हमर लैब का कमाल

30 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने कलेक्टर को लिखित शिकायत की। जिसमें एचआईवी एवं वीडीआरएल की जांच जिला अस्पताल की हमर लैब में सही नहीं की जा रही है। जो व्यक्ति एचआईवी था उसकी रिपोर्ट को निगेटिव बता दिया गया। जबकि मरीज एआरटी लीक से दवा का सेवन कर रहा है। इस प्रकरण को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए जांच करवाई। जांच में मडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट सचिन मसीह की सेवा समाप्त कर दी गई। वहीं रेगुलर पद पर कार्यरत रश्मि शार्दुल पर कार्रवाई तय करने सयुंक्त संचालक जगदलपुर को पत्र भेजा गया है।

# बस्तर फाइटर्स के जवान ने सर्विस पिस्टल से की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/धनोरा

कोण्डागांव जिले के धनोरा थाना में पदस्थ बस्तर फाइटर्स के जवान हरिलाल नाग 27 वर्ष ने रविवार सुबह उरन्दाबेड़ा थाना क्षेत्र के बारदा स्थित अपने घर पर सर्विस पिस्टल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुबह गोली की आवाज सुनकर परिजन जब तक उसके कमरे में पहुंचते उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा व केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए। बताया जा रहा है कि नक्सल गतिविधियों


▶▶| शेष पेज 10 पर


■ धनोरा थाना में था पदस्थ, मौके पर पहुंची पुलिस

### पुलिस कर रही मामले की जांच

मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के पिता ने बताया कि वह किसी मानसिक बीमारी से पीड़ित था और उसका उपचार किया जा रहा था। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक कांस्टेबल द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### पांच माह में सुसाइड की आठवीं घटना

बस्तर में पदस्थ जवानों द्वारा आत्महत्या करने की पिछले पांच माह में यह आठवीं घटना है। इससे पूर्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ, सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ और सशस्त्र सीमा बल एसएसबी सहित विभिन्न बलों के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आत्महत्या की जा चुकी है। इस तरह की यह आठवीं घटना है।

जांच के दौरान 9 ओवरलोड मिलने पर 2.97 लाख का जुर्माना

# 1639 वाहनों से 48.03 लाख समझौता शुल्क की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में वाहन बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम रायपुर, ओडिशा, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम रोड में वाहनों की जांच कर सख्ती की गई। इस दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले 1639 वाहनों से 48 लाख 02 हजार 996 रुपए समझौता शुल्क वसूल किया गया। 33 वाहनों से 16 लाख 98 हजार 696 रूपए मोटर यानकर, 162 वाहनों से ई-चालान से 8 लाख 04 हजार 200 रूपए एवं ओवरलोड 9 वाहनों पर 2 लाख 97 हजार रुपए जुर्माना किया गया। इसके अलावा लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों पर कार्रवाई की। नो-पार्किंग में दूसरी बार वाहनें खड़ी होने की स्थिति में जप्त किया जाएगा।

■ 33 वाहनों से 16.98 लाख रुपए वसूला मोटरयान कर

### वाहनों को कोर्ट भेजा जाएगा

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी अनुपम पटेल ने बताया कि परिवहन नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहनों को कोर्ट भेजा जाएगा। उसके बाद पंजीयन निरस्त करने की तैयारी की जाएगी।



# हादसे में घायल 13 महिलाओं का मेकाज में हो रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावण्ड थाना क्षेत्र स्थित पडांनार चावड़ा कृषि फार्महाउस में काम कर लौट रही मजदूरों से भरी पिकअप व ट्रक के बीच शनिवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में 13 महिलाएं घायल हो गई। हादसे में घायल पान, विमला, झरना, नंदनी, तुलावती, मालती, उसा, बालमती, सूनामनी, गुप्तेश्वरी, तुलसी, पदमा एवं वटटी को रात में ही डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि घायल महिलाएं सिरहागुड़ा, कोसागुमड़ा गांव के निवासी है।


# मालवाहक वाहनों में मजदूरों की हो रही ढुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजनगर के पास शनिवार शाम को हुए सड़क हादसे में सीमावर्ती ओडिशा के तीन महिला मजदूरों की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने बढ़ते सड़क हादसों को रोकने जिला प्रशासन से त्वरित प्रभावी उपाय करने को कहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते सड़क हादसे और लोगों को आपातकालीन सेवाएं समय पर उपलब्ध न होना प्रशासनिक अक्षमता का परिचायक है। शनिवार को हुए हादसे में घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड पहुंचाया गया। अस्पताल में डयूटी पर एमबीबीएस चिकित्सक का न होना व गंभीर रुप से घायल 13 महिला मजदूरों को जिला मुख्यालय पहुंचाने के लिए चार घंटे का समय लगना गंभीर लापरवाही का परिचायक है। श्री बघेल ने कहा कि 108 जैसे आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के लिए यदि पुलिस को डीजल की व्यवस्था करनी पड़ रही है तो यह साबित होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाएं किस कदर हासिये पर और वेल्टीनेटर पर चल रही है। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने तथा उनके प्राथमिक उपचार में सहयोग करने के लिए पुलिस के जवानों तथा यंग स्टार क्लब बकावंड के सदस्यों की सराहना की। बकावंड के युवा अपने सामाजिक सरोकार का निर्वहन करने में बेहतर काम कर रहे हैं। मालवाहक वाहनों में कृषि मजदूरों को ढोने का प्रचलन हाल के कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। साथ ही मजदूरों को जल्द से जल्द कार्यस्थल पर


▶▶| शेष पेज 10 पर


■ नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने से हो रही दुर्घटनाएं



### चालानी कार्रवाई से सुधार नहीं हो पा रहा

महज चालानी कार्रवाई से व्यवस्था में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। प्रशासन को चाहिए कि वे ऐसे वाहन चालक,मालक और कृषि फार्म हाउस संचालको की नियमित बैठक आयोजित कर उन्हें दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की ताकीद दें।

## खेले गए दूसरे मुकाबले में चित्रकोट ओडिशा को दंतेवाड़ा ने 3-2 से पराजित किया

# चेन्नई पुलिस की एकतरफा जीत, महाराष्ट्र को 4 गोल से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के चौथे दिन दो मैच खेला गया। तमिलनाडू व महाराष्ट्र के बीच खेला गया पहला मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। जिसमें तमिलनाडू ने 4 गोल से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में चित्रकोट ओडिशा को दंतेवाड़ा की टीम ने 2 के मुकाबले 3 गोल से हराया।

पहले मैच में शुरूआत से ही चेन्नई पुलिस की टीम महाराष्ट्र टीम पर दबाव बनाए हुए थी। तमिलनाडू की ओर से जर्सी नम्बर 7 गणेश ने मैच के 11 वें व 64 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दो गोल किए। वहीं जर्सी नम्बर 25 ए वलारासव ने मैच के 41 वें मिनट व जर्सी नम्बर 8 रमेश ने मैच के 85 वें मिनट में अपनी टीम के लिए चौथा गोल किया। इसके जवाब में शमा युनाइटेड महाराष्ट्र की टीम निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस मैच में मुख्य निर्णायक उमशंकर दीपक के अलावा विक्टर जॉर्ज, प्रफुल्ल कुमार व दीपक डहरिया रहे। रविवार को स्पर्धा का दूसरा मैच चित्रकोट ओडिशा विरूध दंतेवाड़ा के मध्य खेला गया। मैच के 16 वें मिनट में ओडिशा के जर्सी नम्बर 9 ने अपनी टीम के लिए पहला गोल किया इसके जवाब में दंतेवाड़ा कि ओर से मैच के 22 वें मिनट में जर्सी नम्बर 4 संजय ने गोल कर बराबरी की। मध्यांतर के बाद ओडिशा की ओर से जर्सी नम्बर 7 पप्पू माझी ने मैच के 69 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दूसरा गोल कर एक गोल की बढ़त ली। इसके जवाब में दंतेवाड़ा की ओर से जर्सी नम्बर 6 श्रीकांत ने मैच के 78 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 17 अजय ने मैच के 81 वें मिनट में अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया। इसके बाद निर्धारित समय तक दोनों टीम के कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर सके। इस मैच को दंतेवाड़ा की टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की, इस मैच में मुख्य निर्णायक विजय आनंद के अलावा रायसिंग करंगा, नितेश एक्का व ए विक्टर जॉर्ज रहे।

■ आज तारतला वेस्ट बंगाल विरूध छग संघ व एमपी सागर विरूध फुटबाल क्लब विशाखापटनम के बीच मुकाबला



### रोमांचक मुकाबले को देखने दर्शक पेड़ों में भी डटे रहे

*रविवार को छुट्टी होने के चलते खेलप्रेमियों की भारी भीड़ प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम दर्शकों से भरा हुआ था। गैलरी के अलावा दर्शक छांव के चलते आसपास के पेड़ों में चढ़कर भी मैच का मजा लेते देखे गए। सोमवार को स्पर्धा के पांचवे दिन दो मुकाबले खेले जाएगें। पहला मुकाबला तारतला वेस्ट बंगाल विरूध छग संघ व दूसरा मैच एमपी सागर विरूध फुटबाल क्लब विशाखापटनम के बीच खेला जाएगा।*


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

